खण्ड-12 1193 01/08/16 संख्या-13

# एकादश

# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

## भाग- 2

# कार्यवाही प्रश्नोत्तर रहित

मंगलवार, तिथि 14 जुलाई 1998 ई०

## विद्यालय का जीर्णोधार

**१३३३. श्री संजय कुमार** - क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

(1) क्या यह बात सही है कि शेखपुरा जिलान्तर्गत बरबीघा प्रखंड के ग्राम-काशी बीघा स्थित प्राथमिक विद्यालय की हालत जर्जर है तथा इसके जीर्णोधार के लिए प्रखंड स्तर से प्रस्ताव जिला स्तर में वर्ष 1996 में ही दिया गया था, परन्तु आज तक उक्त विद्यालय का जीर्णाधार नहीं हुआ है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार कबतक प्राथमिक विद्यालय काशी विधा का जीर्णोद्वार कराने का विचार रखती है ?

## छात्रावास में सुधार

**१३३४. श्री बेणी प्रसाद गुप्ता** - क्या मंत्री, कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

(1) क्या यह बात सही है कि पाकुड़ के० के० एम० कॉलेज में आदिवासी छात्रावास में उपस्कर एवं बिजली की कमी है;

(2) क्या यह बात सही है कि एक-एक कमरे में जरूरत से बहु अधिक छात्रों को रहना पड़ता है, जिससे शैक्षणिक व्यवस्था अस्त-व्यस्त है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार छात्रावास में आवश्यक सुधार के लिए कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

## श्री सिंह देव का स्थानान्तरण

**१३३५. श्री लक्ष्मण गिलुवा** - क्या मंत्री, कल्याण, विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

(1) क्या यह बात सही है कि सरकारी नियमानुसार अधिकारी